दैनिक भास्कर

# सकरा में नकली शराब बनाने का भंडाफोड़ दो गिरफ्तार, दो बोरा रैपर और डिब्बे जब्त

**Muzaffarpur News - मिश्रौलिया पंचायत के चकरावे मनियारी गांव के एक घर में रविवार रात पुलिस ने नकली शराब बनाने का भंडाफोड़ किया। नकली...**

Hindi News | Local | Bihar | Muzaffarpur

Skra News two people arrested for making fake liquor in sakra two bag wrappers and coaches seized

Apr 09, 2019, 09:25 AM IST



मिश्रौलिया पंचायत के चकरावे मनियारी गांव के एक घर में रविवार रात पुलिस ने नकली शराब बनाने का भंडाफोड़ किया। नकली शराब बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री जब्त की। चकरावे मनियारी निवासी चंदन कुमार और परमानंद सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आईपीएस थानाध्यक्ष अंबरीश राहुल ने बताया कि इस दौरान दो कार्टन शराब, चार पानी भरे डिब्बे, दो बोरा खाली बोतलें, दो बोरा नकली रैपर, चार खाली ड्राम बरामद किया गया है।

गिरफ्तार हो चुका है धन्ना

बताया जा रहा है कि चकरावे मनिहारी जेल में बंद शराब माफिया धन्नासेठ का इलाका है, जहां शराब बनाई जाती है। धन्नासेठ की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सारा हुलिया उससे ले लिया था और धन्नासेठ को साथ लेकर इलाके का भ्रमण किया था। सकरा थाना क्षेत्र में इस तरह की यह पहली कार्रवाई है।

सकरा के चकरावे मनियारी गांव से बरामद नकली शराब और सामग्री

**पानापुर में 160 कार्टन शराब के साथ ट्रक बरामद**

पानापुर | ओपी पुलिस ने रविवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर पानापुर ढाब में 160 कार्टन शराब के साथ ट्रक बरामद किया। छापेमारी के दौरान चालक व तस्कर फरार हो गए। डीएसपी गौरव पांडेय ने बताया कि सुनसान जगह देखकर तस्कर ट्रक लेकर शराब की अनलोडिंग के लिए पहुंचे थे। ट्रक के मालिक व चालक का सत्यापन किया जा रहा है। शराब बरामदगी में ट्रक मालिक, चालक समेत सात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें ब्रजमुरिया निवासी सुनील राय, सुरेश राय, त्रिभुवन राय, मधुवन कांटी निवासी संजय राय, पानापुर के पप्पू राय, रघुवीर दास व विशाल सिंह हैं।

गड्ढे में गिर कर 4 वर्षीय बच्चे की मौत

सकरा | बरियारपुर ओपी क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में सोमवार की दोपहर खेलने के दौरान शिवम मुखिया का 4 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार गड्ढा में गिर गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। पंचायत के मुखिया सुलेखा शर्मा ने बताया कि परिजन ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया।

**हथौड़ी और बोचहां पुलिस ने की ट्रक से 317 कार्टन शराब जब्त, तस्कर फरार**

**हथौड़ी |** बरहेता गाछी के समीप गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की देर रात पुलिस ने ट्रक पर लदी 317 कार्टन शराब बरामद की। बताया गया कि पुलिस गश्ती कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बरहेता गाछी के पास शराब की खेप उतर रही है। जाल बिछा कर बोचहां व हथौड़ी पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर ट्रक पर लदी शराब जब्त कर ली। वहीं शराब तस्कर भागने में सफल रहे। सूत्रों की मानें तो बरामद शराब की कुछ पेटी को पुलिस द्वारा हेराफेरी की बातें भी कही जा रही है। सोमवार को पुलिस ने बरामद शराब को न्यायालय में प्रस्तुत किया। थानाध्यक्ष राजपत कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

**दो नशेड़ी धराए, एक बाइक जब्त**

**साहेबगंज |** गुलाबपट्टी गांव में शराब पीते व शराब की दो बोतल खरीदते दो नशेड़ियों को पुलिस ने पकड़ लिया। मौके से दो बोतल विदेशी शराब व एक बाइक पुलिस ने जब्त की। थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि पकड़े गए दोनों नशेड़ियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

Source: https://www.bhaskar.com/bihar/patna/news/the-couple-arrived-in-bettia-from-italy-in-search-of-a-daughter-adopted-the-child-from-the-adopted-home-126156309.html?art=next